



नवभारत 10
भोपाल, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

# मक्का के दामों में गिरावट आने से आवक हुई कम, फिर भी कोने-कोने में लगे ढेर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 4 फरवरी. मौसम की मार और सोयाबीन के घटते उत्पादन की वजह से जिले के किसानों का सोयाबीन के प्रति मोह भंग होते जा रहा है। हालात यह है कि अब किसान सोयाबीन के बजाए मक्का फसल पर ज्यादा भरोसे जता रहे है।**

**मांग कम होते ही गिरे मक्के के दाम**

**इस साल 2 लाख हेक्टेयर में मक्के का उत्पादन**



यहीं वजह है कि कृषि उपज मंडी में हर साल मक्के की बंपर आवक बनी रहती है। कई बार मक्के की नीलामी तक रोकनी पड़ती है। अभी इस साल भी खरीफ सीजन में मक्का का जमकर उत्पादन हुआ। जिसके कारण पिछले 3 माह से मंडी में मक्का की बंपर आवक बनी है। प्रतिदिन 25 हजार क्विंटल से अधिक मक्का मंडी में पहुंच रही है। मक्के के अलावा गेहूं और सोयाबीन की भी आवक है। ऐसे में मंडी में व्यवस्थाएं बिगड़ रही है। मक्का की बंपर आवक के कारण बडोरा रोड पर कई बार जाम के हालात भी निर्मित हुए। बता दे कि किसान ट्रैक्टरों में मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे है। मंडी में प्रवेश का समय तय होने से किसान देर रात से ही मंडी में आ रहे है। चूंकि मंडी में आवाजाही के लिए एक ही गेट है, ऐसे में वाहनों के आमने-सामने खड़े होने के कारण जाम की स्थिति भी बनती रहती है।

**मांग घटते ही गिरे मक्के के दाम :** जिले में इस बार किसानों ने सोयाबीन का रकबा कम कर मक्का का रकबा बढ़ाया था। हालांकि शुरू-शुरू में मक्का की आवक अधिक होने से दाम भी कम मिल रहे थे, लेकिन नये साल की शुरुआत के साथ ही मक्के के दामों में भी बढ़ोत्तरी देखी गई। लेकिन मांग कम होते ही फिर मक्के के दामों में गिरवट आ गई है। कुछ दिनों पहले जहां मंडी में मक्का के दाम 2200 तक पहुंच गये थे, वहीं अब मक्का 1200 से 1700 प्रति क्विंटल पहुंच गई है। अच्छी क्वालिटी की मक्का के दाम 1700 रूपये प्रति क्विंटल तक मिल रहे है। ऐसे में किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## जनवरी में 5 लाख से अधिक मक्का की आवक

कृषि उपज मंडी में पिछले दो-तीन महीने से मक्का की बंपर आवक बनी हुई है। 1 जनवरी से 29 जनवरी तक कृषि उपज मंडी बडोरा में 5 लाख 10 हजार 468 क्विंटल मक्का की आवक हो चुकी है। जबकि पिछले साल जनवरी के पूरे माह में केवल 3 लाख 38 हजार 936 क्विंटल आवक आई थी। पिछले माह दिसंबर में मक्का की 7 लाख 87 हजार 927 क्विंटल आवक हुई। 2024 में 6 लाख 41 हजार 987 क्विंटल मक्का आवक आई। इस बार अधिक आवक आने से मंडी में अव्यवस्था हो गई है। किसानों को उपज डालने के लिए जगह तक नहीं मिल रही है। हालांकि मंडी प्रबंधन किसानों को असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है, लेकिन मंडी में मक्का की अनुमान से अधिक आवक के कारण बार-बार व्यवस्थाएं बिगड़ रही है।

मंडी में लगातार मक्का की आवक हो रही है। पिछले दो-तीन दिनों से दाम गिरने के कारण आवक पर असर पड़ा है, लेकिन इसके पूर्व सिर्फ जनवरी माह में ही 5 लाख 10 हजार क्विंटल से अधिक मक्का मंडी में आ चुकी है। मक्का की अधिक आवक से व्यवस्थाएं थोड़ी बिगड़ती है, लेकिन हमारा प्रयास रहता है कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।
**- सुरेश परते,** मंडी सचिव, कृषि उपज मंडी बडोरा

## ए ग्रेड की मंडी में आवक ज्यादा, 15 एकड़ की जगह

बडोरा की ए ग्रेड मंडी में आवक अधिक आने से मंडी प्रांगण छोटा पड़ गया है। इसके कारण किसानों को जहां जगह मिली, वहीं ढेर लगाना पड़ता है। 15 एकड़ की मंडी में आधे में सब्जी मंडी संचालित की जा रही है। आधे में मक्का, गेहूं, सोयाबीन सहित अन्य उपज रखी जाती है। वहीं आने और जाने के लिए केवल एक गेट है। इसके कारण यहां पर बार-बार जाम के हालात बनते हैं। प्रशासन द्वारा मंडी के लिए दूसरी सडक बनाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक सडक का काम शुरु नहीं हुआ। ऐसे में एक ही गेट से किसानों के वाहन और व्यापारियों द्वारा अनाज ले जाने के लिए ट्रकों की आवाजाही हो रही है। इस वजह से मंडी के सामने बार-बार जाम की स्थिति बन रही है।

## एक नजर में

### दो महीने से लापता युवक का शव मिला

**बैतूल।** शाहपुर में दो महीने से लापता युवक का शव बुधवार को घर के पीछे बाड़ी में मिला। मृतक की पहचान 32 वर्षीय अरविंद प्रजापति के रूप में हुई। पतौवापुरा का रहने वाला अरविंद पेशे से शेयर ट्रेडर था। शव मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि अरविंद 5 दिसंबर से लापता था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखवाई थी। लापता होने के लगभग दो महीने बाद जब घर के पीछे से सड़न की तेज बदबू आने लगी तो खोजने पर परिवार को बाड़ी में शव दिखाई दिया। परिवार ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि शव की हालत देखकर प्रारंभिक अनुमान है कि मौत दो-तीन दिन पहले हुई होगी। मामले की जांच के लिए बैतूल से फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम बुलाई गई है। पुलिस मौत की वजह जानने के लिए परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पीएम के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी।

### पेंशनर एसोसिएशन का सम्मेलन 7 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन बैतूल का स्नेह सम्मेलन शनिवार 7 फरवरी को सागौन बाबा दरबार, परशुराम चौक (कॉलेज चौक) के पास बैतूल में आयोजित होगा। एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीके तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। इसमे पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों व पेंशनर की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संयुक्त मोर्चा के विधि सलाहकार एमएम अंसारी, जो एसोसिएशन शाखा सचिव भी है, वह मोर्चा द्वारा निर्धारित प्रदेश के सभी सर्किल/जिलों में विद्युत पेंशनर के दो सूत्रीय मांगपत्र पेंशन ग्यारंटी और केंद्र के समान घोषित दर व दिनाँक से महँगाई राहत का भुगतान के लिए जारी संघर्ष अनुसार 11 फरवरी को कैंपेन हाउस लिंक रोड परिसर बैतूल में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धरना-प्रदर्शन तथा महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी बैतूल को ज्ञापन दिए जाने की रुपरेखा तथा आगामी संघर्ष कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी सभी को देंगे। साथ ही मोर्चा की आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीके तिवारी ने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होकर सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### बिजली करंट लगने से बंदर घायल

**मुलताई।** नगर मे प्रभात पट्टन रोड पर जलसंसाधन विभाग की कालोनी में बुधवार को एक बंदर बिजली लाइन की चपेट में आने से झुलसकर नीचे गिर गया। घायल अवस्था में पड़े बंदर पर आवारा कुत्तों ने हमला करने का प्रयास किया।जिन्हे उपस्थित लोगो द्वारा भगाया एवं पार्षद रितेश विश्वकर्मा को घटना की सूचना दी। पार्षद रितेश विश्वकर्मा नगर पालिका उपयंत्री महेश त्रिवेदी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आवारा कुत्तों को भगाकर बंदर को सुरक्षित रखने का प्रयास किया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारियों ने पहले पिंजरे से बंदर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए तो जाल का उपयोग कर बंदर पकड़ने की कोशिश की जा रही है जिससे बंदर का उपचार कर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जा सके।

# उद्यमिता कौशल विकास योजना के तहत जागरुकता कार्यक्रम

**आमला। स्टूडेंट्स को अपने स्कूल-कॉलेज की स्टडी के साथ ही अपनी पसंद के अनुसार कोई स्किल भी अवश्य सीखनी चाहिए। किसी भी विधा में कुशल होने से आपको रोजगार-स्वरोजगार हासिल करने में आसानी होती है।**



किताबी ज्ञान तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही यदि आप किसी स्किल में पारंगत हैं तो आपको आजीविका अर्जन में सुविधा होती है। आमला के डॉ. भीमराव आंबेडकर शासकीय महाविद्यालय में उत्काशय के विचार उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) के बैतूल जिला समन्वयक यू.एस. दुबे ने व्यक्त किए। वे कॉलेज के विद्यार्थियों को विकास आयुक्त का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शासन की स्वरोजगार प्रारंभ करने में सहायक ऋण अनुदान योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा स्थानीय आवश्यकता के आधार पर कौन-कौन से उद्योग व्यवसाय प्रारंभ किए जा सकते हैं, इस विषय पर भी प्रकाश डाला गया।

**कॉलेज के स्टाफ की भी रही सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रकाश इवने, डॉ. पंचम सिंह कवडे, डॉ. जगदीश पटैया, प्रो. लोकेश झरेबडे, राजा अतुलकर, दीपक कथिया, आशीष सोनी, डॉ. राजेंद्र गिरी गोस्वामी, अनिता सोनी, डॉ. ज्योति दातिर, अंजीरा दाबडे, शीला दवन्डे, थशवी कहार, मीनाक्षी भोपते, संजीव भारती, महेंद्र सिंगडे आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# नपा ने लगाया शिविर, योजनाओं के 8 आवेदन आए

**सारनी। संकल्प से समाधान अभियान के तहत बुधवार 4 फरवरी को वार्ड 24 में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के 8 आवेदन आए।**



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को वार्ड 22 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वार्ड पार्षद अजाबराव धोटे, शिविर प्रभारी जी.एस पांडे, संतोष सोनारिया, राकेश सोनी, निराकार सागर उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 8 आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

# सैनिक सम्मेलन में पहुंचेंगी राजमाता फुलवादेवी देवी कांगे

**बैतूल।** श्री मांझी अंतरराष्टीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली की शाखा ब्रांच कार्यालय ग्राम मालवर पोस्ट टेमरू तहसील शाहपुर में गुरुवार 7 फरवरी को सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में कंगला मांझी सरकार संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता फुलवादेवी कांगे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, देव नैतिक तथा विभिन्न संस्थागत विषयों पर विस्तृत परिचर्चा की जाएगी। जिले के प्रभारी जिला अध्यक्ष रामकिशोर धुर्वे ने बताया कि राजमाता फुलवादेवी कांगे 6 फरवरी को शाम 5 बजे घोड़ाडोगरी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। वहां से शाहपुर स्थित मुस्कान होटल में रात्रि विश्राम करेंगी। 07 फरवरी को प्रात: 11 बजे शाहपुर से ग्राम मालवर के लिए रवाना होंगी, जहां मंचासीन कार्यक्रम में उद्बोधन देंगी। कार्यक्रम के बाद पुन: शाहपुर मुस्कान होटल लौटकर विश्राम करेंगी। 8 फरवरी को सुबह शाहपुर मुस्कान होटल से पुन: ग्राम मालवर पहुंचकर देव पूजा एवं सामाजिक परिचर्चा में भाग लेंगी। शाम को मालवर से वापस शाहपुर मुस्कान होटल आकर रात्रि विश्राम करेंगी।

# इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की नेट फटी, शौचालय बंद

**मुलताई।** नगरपालिका की बेरुखी से नगर का एकमात्र इंडोर बैडमिंटन कोर्ट खस्ताहल हो चूका है। बैडमिंटन कोर्ट में लगी मेट उख? चुकी है एवं कोर्ट में बने दोनों शौचालय सफाई ना होने के कारण गंदगी से पट चुके है,वही खिलाडियों के बैठने के लिए रखी गई बेंच भी टूट चुकी है इसके साथ ही परिसर में भी जगह जगह कूडे का ढेर लग गया है । बुधवार को खिलाडियों की शिकायत पर विवेकानंद वार्ड की पार्षद पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने इंडोर ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुरे परिसर में गंदगी फैली थी वही खिलाडियों के उपयोग के लिए बनाए गए शौचालय भी बंद



पाए गए। जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत सीएमओ वीरेंद्र तिवारी से की शिकायत के बाद नपा के उपयंत्री महेश शर्मा मौके पर पहुंचे एवं पुरे इंडोर ग्राउंड की सफाई करवा कर शौचालय शुरू करवाने का आश्वासन दिया। पार्षद अंजलि शिवहरे ने बताया की इस इंडोर ग्राउंड में 100 से अधिक खिलाडी रोजाना खेलने आते है लेकिन नियमित साफ सफाई नहीं होने के कारण सभी खिलाडी गंदगी के बीच खेलने को मजबूर है वही ग्राउंड की मेट क्षतिग्रस्त होने से उन्हें खेलने के दौरान चोट लगने का भी खतरा बना रहता है। साथ ही शौचालय बंद होने से खिलाडियों को काफी असुविधा होती है ।

# 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र के कुम्हार टेक गांव में मंगलवार रात 14 वर्षीय नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब घर लौटे तो उन्होंने बालिका को घर के अंदरूनी कमरे में दुपट्टे से झूलता पाया। पुलिस को घटना की सूचना रात करीब 9.30 बजे मिली। परिजनों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने रात करीब 11.30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, बालिका पांचवीं कक्षा तक पढ़ी थी और कुछ समय से उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। घटना के समय उसकी मां भट्टे पर काम करने गई थीं, जबकि पिता मवेशी चराने जंगल गए थे। घर लौटने पर पिता ने ही उसे फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि बालिका ने घर में ही फांसी लगाई थी। परिजनों ने बताया कि उसने कभी किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की थी। गंज पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके।

# भर्ती 2026 में आयु सीमा बदलाव का विरोध

**बैतूल।** अग्निवीर योजना 2026 की भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में बदलाव के विरोध में बैतूल में युवाओं ने प्रदर्शन किया। बुधवार को सैकड़ों की संख्या में युवा कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने बताया कि हाल ही में भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा को 1 अक्टूबर 2005 से बदलकर 1 जुलाई 2006 कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण हजारों अभ्यर्थी, जो पहले पात्र थे, अब ओवरएज हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई युवा पिछले कई वर्षों से सेना भर्ती की तैयारी कर रहे थे, जिनमें से कुछ तो गांव छोड़कर बैतूल में रहकर



प्रशिक्षण ले रहे थे। इस अचानक हुए बदलाव से उनकी वर्षों की मेहनत पर पानी फिर गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि अग्निवीर भर्ती 2026 में एक बार के लिए आयु सीमा में विशेष छूट (वन टाइम एज रिलैक्सेशन) दी जाए। उनका तर्क है कि इससे उन युवाओं को अवसर मिल सकेगा, जो पूर्व मानकों के अनुसार तैयारी कर रहे थे। युवाओं ने कहा कि वे वर्षों से अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ तैयारी कर रहे थे। आयु सीमा अचानक घटा दिए जाने से उनका मनोबल टूट गया है।

# सचिवों में बढ़ी नाराजगी, काम बंद-कलम बंद की तैयारी

**बैतूल। चिचोली विखं में पदस्थ पंचायत सचिव के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन द्वारा जिला मुख्यालय पर दिए गए तीन दिवसीय अल्टीमेटम का एक दिन बीत जाने के बाद भी दोषी आरोपी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आने से जिलेभर के पंचायत सचिवों में नाराजगी और असंतोष गहराता जा रहा है।**





प्रशासन की चुप्पी को लेकर संगठन ने आंदोलन को लेकर अपना रुख और सख्त कर दिया है। मंगलवार 3 फरवरी को जिला मुख्यालय बैतूल पहुंचकर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, नर्मदापुरम के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष देवनाथ बागमरे एवं जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद अमरुते के नेतृत्व में जिले के दसों विकासखंडों के अध्यक्षों और सैकड़ों पंचायत सचिवों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में दोषी आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई, पंचायत सचिवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, शासकीय सेवकों के सम्मान और संरक्षण के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने सहित जनपद पंचायत स्तर पर साप्ताहिक बैठक के स्थान पर मासिक बैठक आयोजित करने और प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान की मांग की गई थी। ज्ञापन सौंपते समय संगठन ने स्पष्ट रूप से तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि निर्धारित समयसीमा में न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत सचिव काम बंद-कलम बंद हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। अल्टीमेटम का पहला दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से संगठन में रोष है.

**बैठक** समीक्षा बैठक में जिला आयुष अधिकारी ने विभागीय विषयों पर की चर्चा

# जिले के 4 केंद्रों पर 518 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का लाभ

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 4 फरवरी. आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में जिले के 4 स्थानों पर कुल 518 बच्चों को स्वर्ण प्राशन करवाया गया।**

**मांग कम होते ही गिरे मक्के के दाम**

**इस साल 2 लाख हेक्टेयर में मक्के का उत्पादन**



यह आयोजन प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र पर किया जाता है। इस बार भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें डाबर फार्मास्यूटिकल्स का सहयोग प्राप्त हुआ। आयुष विभाग द्वारा प्रत्येक माह मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 2 फरवरी को जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉक्टर योगेश चौकीकर द्वारा औषधालय समय पर खुलने, कर्मचारियों को गणवेश में उपस्थित रहने, आगंतुकों से सदाचारपूर्ण व्यवहार कर औषधि प्रदान करने के निर्देश दिए गए। अन्य विभागीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभागीय निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ाने हेतु बैठक के मध्य में योग ब्रेक भी लिया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर बाल्य रोग विशेषज्ञ ने बताया कि स्वर्ण प्राशन औषधि में स्वर्ण भस्म के साथ शंखपुष्पी, ब्राम्ही, वचा, विषम मात्रा में घृत एवं शहद का मिश्रण होता है। बदलते मौसम में स्वर्ण प्राशन से बच्चों का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है तथा बीमारियों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसे बच्चों के लिए अमृत तुल्य बताया गया है, जो उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत हितकर है। स्वर्ण प्राशन के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

**अगला पुष्य नक्षत्र 28 फरवरी को :** स्वर्ण प्राशन का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में 371 लाभार्थी, जिला आयुष विंग बैतूल में 40 लाभार्थी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में 75 लाभार्थी तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में 32 लाभार्थी बच्चों के लिए किया गया। इस प्रकार कुल 518 लाभार्थी बच्चों ने स्वर्ण प्राशन का लाभ प्राप्त किया। अगला पुष्य नक्षत्र 28 फरवरी को है। सभी माता-पिता से आग्रह किया गया है कि वे अपने 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन हेतु अवश्य लेकर आएं और इसका लाभ प्राप्त करें।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**बैतूल।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन भीमपुर के मॉडल स्कूल खेल परिसर में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत प्राचीन खेल कबड्डी, रस्सा कसी, गोला फेक, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष भीमपुर भैया लाल इरपाचे, प्राचार्य मॉडल स्कूल भीमपुर श्रीमती आशा साहू के आतिथ्य में और जिला अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर सुषमा गवली ने बताया कि भारत सरकार मेरा युवा भारत द्वारा इस तरीके के आयोजन ब्लॉक स्तर पर किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण अंचल में छिपी हुई प्रतिभा अपनी प्रतिभा निखार सके। जनपद अध्यक्ष श्री इरपाचे ने कहा कि सरकार के द्वारा खेल जगत के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधि जन जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं जिससे प्रतिभाओं को अनेक ऊंचाई तक पहुंचने का एक सुनहरा अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में कबड्डी में प्रथम स्थान जूनियर युवा मंडल भीमपुर व उपविजेता बजरंग क्लब बेला रहा, गोला फेक में प्रथम स्थान सुनीता व द्वितीय स्थान प्रियंका धुर्वे, पुरुष वर्ग गोला फेंक में शेशपाल इवने प्रथम, द्वितीय स्थान लोकेश ने, 100 मीटर दौड़ में सुनीता ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान नीलिमा ने, 200 मीटर दौड़ में पंकज नरवर प्रथम व वासुदेव कवड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**सावधान सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार **श्री विजय श्रीकिशनदास चांडक,** रह. ४१६, सरस्वती अपार्टमेंट, खरे टाऊन, धरमपेठ, नागपूर इन्होने **श्री नंदकिशोर उर्फ नंदकुमार रामदासपंत बदूकले,** रह. ब्राम्हणवाडा, बैतूल, मध्य प्रदेश, हल्ली मु. रत्नप्रभा अपार्टमेंट, तिसरा माला, खरबी चौक, नागपूर इनसे निम्नलिखीत खेतजमीन खरेदी करने का करारनामा किया है। वह करारनामा आजभी अस्तित्व में है।

इसलिए निम्नलिखीत अचल संपत्ती बाबत कोई भी किसी भी प्रकार का व्यवहार **श्री नंदकिशोर उर्फ नंदकुमार रामदासपंत बदूकले,** इनसे ना करे, करनेपर वह व्यवहार मेरे पक्षकार को लागू तथा बंधनकारक नही रहेंगा तथा होनेवाले नुकसान के लिए व्यवहार करनेवाले स्वयम जिम्मेदार रहेंगे। इसकी नोंद ले।

**-: खेतजमीन का विवरण :-**

**मौजा- ऐनखेडी, पटवारी हलका- दाभोना, तह. आथनेर, जिल्हा बैतूल, मध्य प्रदेश, यहा का खसरा नं. १९५ (एस), आराजी ६.०००० हेक्टर (अंदाजा १५ एकड) इसमें से आराजी २.०००० हेक्टर (अंदाजा ५ एकड) कुल जमा रू. ९.००, खाता नं. २३३, भो.वर्ग १, पूरी खेतजमीन की चर्तु:सिमा- पूरब- नाला, पश्चिम- सोनाजी कोरकू इनका खेत/ शिव पांधन, उत्तर- महादेवराव गाडबेल इनका खेत, दक्षिण- किसन गाडबेल इनका खेत।** नागपूर, दि. ०५/०२/२०२६

**अॅड. गिरीष बी. पुरोहीत**
"पुरोहीत मेन्शन" १४०, अभ्यंकर नगर, झेंडा चौक, नागपूर- ४४००१०. मो.नं. ९८२३३६५६४४